380

# आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़

(ब्लॉक–2, भूतल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर, जिला– रायपुर)
फोन नं. 0771–2511507 फैक्सः 0771–2221617, website-descg.gov.in

क्रमांक 773 / 2024 / आ.सा.सं. / 170–प्रशा. नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 13 / 03 / 2024

प्रति,

संचालक,
जनसम्पर्क संचालनालय,
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर

**विषय :–** **सहायक सांख्यिकी अधिकारी एवं खण्ड स्तर अन्वेषक के रिक्त पदों की पूर्ति किए जाने हेतु विज्ञापन का प्रकाशन बाबत्।**

---000---

कृपया विषयांन्तर्गत लेख है कि, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर एवं अधीनस्थ जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालयों में सीधी भर्ती के रिक्त सहायक सांख्यिकी अधिकारी एवं खण्ड स्तर अन्वेषक पदों की पूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन तैयार किया गया हैं। उक्त विज्ञापन को प्रकाशित किया जाना हैं।

अतः उपरोक्तानुसार संलग्न विज्ञापन को राज्य के तीन प्रमुख समाचार पत्रों एवं रोजगार नियोजन में अतिशीघ्र प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

**संलग्नः** उपरोक्तानुसार 8 प्रतियों में।

**प्र. संचालक**
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर

पृ. क्रं. / 2024 / आ.सा.सं. / 170–प्रशा. नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक / 03 / 2024

**प्रतिलिपिः**

1. सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वरिष्ठ सूचना विज्ञान अधिकारी, सूचना विज्ञान केन्द्र, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर प्रेषित कर आग्रह है, कि संलग्न उक्त विज्ञापन को राज्य शासन के वेबसाईड https://cgstae.gov.in में अतिशीघ्र अपलोड करने का कष्ट करें।
3. उप संचालक (आई.टी. संभाग), आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनलय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर विभागीय वेबसाईट https://descg.gov.in में अतिशीघ्र अपलोड हेतु प्रेषित।
4. नियंत्रक, छ०ग० व्यापम नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

sd/-

**प्र. संचालक**
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर

# आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़

(ब्लॉक–2, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर)
☏ 0771–2511507 फैक्सः 0771–2221627, website- descg.gov.in

क्रं.      / 2024 / आ.सा.सं. / 170–प्रशा.

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक      / 03 / 2024

384

## :: विज्ञापन ::

छ.ग. शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के पत्र क्रमांक एफ–01–01 / 2022 / 23, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 25.08.2023 द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी– 10 पद एवं खण्ड स्तर अन्वेषक– 10 पद सीधी भर्ती के कुल 20 पदों की स्वीकृति तथा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से भर्ती की अनुमति दी गयी है। उक्त पदों पर नियुक्ति आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर के भर्ती नियम "छत्तीसगढ़ आर्थिक एवं सांख्यिकी, तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) सेवा भर्ती नियम, 1989, 2008" में उल्लेखित प्रावधानों के अंतर्गत की जायेगी। इस हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर की वेबसाईट http://vyapam.cgstate.gov.in/ पर आमंत्रित किये जाते हैं।

**पदनाम :– सहायक सांख्यिकी अधिकारी एवं खण्ड स्तर अन्वेषक परीक्षा– 2024**

| क्र. | पदनाम का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या (विभागीय रोस्टर अनुसार) | | | | योग | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | कुल रिक्तियों में से निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद | वेतनमान/ पे लेवल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | | अना. | अ.ज.जा. | | |
| 1 | सहायक सांख्यिकी अधिकारी | 04 | 01 | 04 | 01 | 10 | 01 | 01 | – | लेवल–9 38100 |
| 2 | खण्ड स्तर अन्वेषक | 04 | 01 | 03 | 02 | 10 | 01 | 00 | 01 (अना. अस्थि बाधित) (OL, OH, CP, LC) | लेवल–7 28700 |
| | **कुल योग** | 08 | 02 | 07 | 03 | **20** | 02 | 01 | 01 | – |

टीपः– 1. विज्ञापित पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

2. विस्तृत विज्ञापन, पाठ्यक्रम, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, ऑनलाईन आवेदन, परीक्षा तिथि, समय एवं केन्द्र व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल,रायपुर की वेबसाईट http://vyapam.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध है।

3. उपरोक्त विज्ञापित पदों पर की जाने वाली नियुक्तियां माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668 / 2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी।

सही / –
**प्र. संचालक**
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय,
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर